### संपादकीय

## दुनिया की नई धुरी

**व्लादीमीर पुतिन ने अब दो टूक एलान किया है कि 'एक ध्रुवीय विश्व' का अंत हो चुका है। चीन के बयानों से साफ है कि वह इस आकलन में रूस के साथ है।**

**अब यह कोई छिपी बात नहीं है कि चीन और रूस दुनिया में एक ऐसी धुरी बनाना चाहते हैं, जो अमेरिकि वर्चस्व को चुनौती दे। दोनों देशों के राष्ट्रपतियों ने अपनी ये मंशा इस साल फरवरी के पहले हफ्ते में ही जाहिर कर दी थी कि जब विंटर ओलिंपिक के उद्घाटन के मौके पर रूसी राष्ट्रपति व्लादीमीर पुतिन बीजिंग गए थे। उस मौके पर पुतिन और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने दो संयुक्त विज्ञप्ति जारी की थी, उसमें एक नई विश्व व्यवस्था बनाने का इरादा जताया गया था। उसके तीन हफ्तों के बाद ही रूस ने यूक्रेन पर हमला किया। अब युद्ध शुरू होने लगभग साढ़े तीन महीनों के बाद रूस और चीन ने फिर संकेत दिया है कि वे दुनिया में एक अलग धुरी बनाने के अपने इरादे पर कायम हैं। बल्कि इस इरादे को साकार करने के लिए वे मिल कर काम कर रहे हैं। इस बार मौका सेंट पीटर्सबर्ग इंटरनेशनल इकॉमिक फोरम बना। बीते हफ्ते रूसी राष्ट्रपति व्लादीमीर पुतिन और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने इस फोरम को संबोधित किया। वहां पुतिन ने दो टूक एलान किया कि 'एक ध्रुवीय विश्व' का अंत हो चुका है।**

**पुतिन ने अमेरिका पर तीखे हमले बोले। अपने भाषण में अमेरिका और उसके सहयोगी देशों को निशाना बनाया। उनकी इन बातों पर गौर करें- 'जब शीत युद्ध में जीत हुई, तो अमेरिका ने खुद को धरती पर ईश्वर का प्रतिनिधि घोषित कर दिया। उसने खुद को ऐसे देश के रूप में पेश किया, जिसकी कोई जिम्मेदारी नहीं, सिर्फ जिसके स्वार्थ हैं। उसने अपने स्वार्थ को पवित्र घोषित कर दिया। यह वन-वे ट्रैफिक था, जिससे दुनिया अस्थिर हो गई।' उधर जिनपिंग ने कहा कि अर्थव्यवस्थाओं के बीच संबंध विच्छेद, सप्लाई रुकावट ,और एकतरफा प्रतिबंध लगाने के चलन को सिरे से अस्वीकार कर दिया जाना चाहिए। चीन ने कहा है कि पश्चिमी देशों ने कई तरह के प्रतिबंध लगाए हैं। इन एकतरफा प्रतिबंधों से दुनिया को शीत युद्ध की तरफ धकेला गया है। साथ ही विश्व अर्थव्यवस्था में विभाजन हुआ है। संदेश साफ है। रूस और चीन अपनी धुरी बना रहे हैं, लेकिन इसके लिए जिम्मेदार वे पश्चिम को ठहरा रहे हैं।**

## 60 पैसे से 600 रुपये के पार, इस शेयर ने दिया 100000प्रतिशत से ज्यादा का रिटर्न

**नई दिल्ली।** केमिकल इंडस्ट्री से जुड़ी एक कंपनी के शेयरों ने जबरदस्त रिटर्न दिया है। यह कंपनी यूपीएल लिमिटेड है। कंपनी के शेयर पिछले कुछ साल में 60 पैसे से बढक़र 600 रुपये के पार पहुंच गए हैं। यूपीएल लिमिटेड के शेयरों ने इस पीरियड में निवेशकों को 100000 पर्सेंट से अधिक का रिटर्न दिया है। कंपनी के शेयरों का 52 हफ्ते का हाई लेवल 852.50 रुपये है। वहीं, यूपीएल लिमिटेड के शेयरों का 52 हफ्ते का लो-लेवल 607.80 रुपये है।



**1 लाख रुपये के बन गए 10 करोड़ रुपये से ज्यादा-** यूपीएल लिमिटेड के शेयर 17 अप्रैल 2003 को नेशनल स्टॉक एक्सचेंज में 60 पैसे के स्तर पर थे। कंपनी के शेयर 29 जून 2022 को एनएसई में 643.25 रुपये के स्तर पर ट्रेड कर रहे हैं। कंपनी के शेयरों ने इस पीरियड में निवेशकों को 100000 पर्सेंट से अधिक का रिटर्न दिया है। अगर किसी व्यक्ति ने 17 अप्रैल 2003 को यूपीएल लिमिटेड के शेयरों में 1 लाख रुपये लगाए होते और अपने निवेश को बनाए रखा होता तो मौजूदा समय में यह पैसा 10.7 करोड़ रुपये होता।

**50 रुपये से 600 रुपये के पार पहुंचे कंपनी के शेयर-** यूपीएल लिमिटेड के शेयर 6 मार्च 2009 को नेशनल स्टॉक एक्सचेंज में 50.50 रुपये के स्तर पर थे। कंपनी के शेयर 29 जून 2022 को 643.25 रुपये के स्तर पर ट्रेड कर रहे हैं। अगर किसी व्यक्ति ने 6 मार्च 2009 को यूपीएल लिमिटेड के शेयरों में 1 लाख रुपये लगाए होते और अपने निवेश को बनाए रखा होता तो मौजूदा समय में यह पैसा 12.70 लाख रुपये होता। यूपीएल लिमिटेड के शेयरों ने इस साल अब तक 15.4 फीसदी का निगेटिव रिटर्न दिया है। वहीं, पिछले 1 साल में कंपनी के शेयरों ने 20 पर्सेंट का निगेटिव रिटर्न दिया है।

### शेयर बाजार पर बिकवाली बरकरार, सेंसेक्स 150 अंक टूटा, निफ्टी धड़ाम

भारतीय बाजार में बिकवाली का माहौल बरकरार है। सप्ताह के तीसरे कारोबारी दिन यानी बुधवार को भी बाजार पर बिकवाली हावी रही। इसी वजह से सेंसेक्स 150.48 अंक या 0.28त्न की गिरावट के साथ 53,026.97 पर बंद हुआ, जबकि निफ्टी 50 अंक गिरकर 15,800 अंक के स्तर पर ठहरा। शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स और निफ्टी की गिरावट बड़ी थी, हालांकि कारोबार के आखिरी घंटों में रिकवरी आई। सेक्टर की बात करें तो एनर्जी और पावर शेयरों ने अच्छा प्रदर्शन किया, जबकि आईटी, वित्तीय, एफएमसीजी और बैंकों के स्टॉक में बिकवाली हावी रही। बीएसई इंडेक्स के टॉप 30 स्टॉक की बात करें तो एचयूएल में 3 फीसदी से ज्यादा की गिरावट रही।

## भारत में कल से इन सिंगल यूज प्लास्टिक वस्तुओं पर बैन लगाएगी केंद्र सरकार



**नई दिल्ली।** केन्द्र सरकार एक जुलाई से एकल उपयोग वाले प्लास्टिक पर प्रतिबंध को लागू करने के राष्ट्रीय और राज्य स्तरीय नियंत्रण कक्ष स्थापित करेगी। यह नियंत्रण कक्ष इस तरह के प्लास्टिक के अवैध निर्माण, आयात, भंडारण, वितरण और बिक्री पर निगरानी रखेंगे। पर्यावरण वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ने कहा कि राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को किसी भी प्रतिबंधित एकल-उपयोग वाली प्लास्टिक वस्तुओं के अन्तर्राज्यीय आदान प्रदान को रोकने के लिए सीमा चौकिया स्थापित करने को कहा गया है।

मंत्रालय ने कहा कि सभी देशों में एकल उपयोग वाली प्लास्टिक वस्तुओं के कारण प्रदूषण से निपटना एक बड़ी चुनौती बनकर उभरा है। उन्होंने कहा कि इस तरह के प्लास्टिक के उपयोग से समुद्री पर्यावरण, स्थलीय और जलीय पारिस्थितिक तंत्र दोनों पर पड़ रहे प्रतिकूल प्रभावों को विश्व स्तर पर स्वीकार किया गया है। इसी के मद्देनजर सरकार ने एक बार ही काम में आने वाले प्लास्टिक के प्रदूषण को कम करने के लिए यह कदम उठाया है।


प्रतिबंधित की वस्तुओं की सूची में प्लास्टिक की बड्स, गुब्बारों के लिए प्लास्टिक की सीख, प्लास्टिक के झंडे, कैंडी की छड़ें, आइसक्रीम स्टिक, सजावट के लिए पॉलीस्टाइनिन (थर्मोकोल), प्लास्टिक की प्लेट, कप, गिलास, कटलरी जैसे कांटे, चम्मच, चाकू आदि शामिल हैं। इसके अलावा स्ट्रॉ, ट्रे, रैपिंग या पैकेजिंग फिल्म मिठाई के बक्से, निमंत्रण कार्ड, सिगरेट के पैकेट और प्लास्टिक या पीवीसी बैनर जो 100 माइक्रोन से कम है। इस संबंध में प्लास्टिक कचरा प्रबंधन संशोधन नियम, 2021 और 2022 के तहत व्यापक दिशा निर्देश जारी किये जा चुके है।

## पहचान के लिए जेटएयरवेज-स्पाइसजेट एयरलाइन में भिड़ंत

**नई दिल्ली।** तीन साल बाद एक बार फिर उड़ान की तैयारी में जुटी एयरलाइन जेट एयरवेस ने स्पाइसजेट की 'पहचान' पर सवाल खड़े किए हैं। इसके साथ ही नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) को पत्र लिखकर स्पाइसजेट को जेट एयरवेज के विमानों जैसी 'पहचान' हटाने का निर्देश देने की अपील की है। विमानन कंपनी जेट एयरवेज का कहना है कि स्पाइसजेट के विमानों पर उसके विमानों जैसी पहचान है, जो जनता को गुमराह करने के साथ सुरक्षा के लिए भी खतरा है। जेट एयरवेज ने पत्र में कहा, ''वर्ष 2019 में हवाई संचालन को रोकने के बाद हमने पट्टे पर लिए कई विमानों को वापस लौटा दिया था। इन्हें बाद में फिर स्पाइसजेट जैसे कुछ घरेलू विमानन कंपनियों को पट्टे पर दे दिया गया।'' कंपनी ने कहा कि इनमें से कई विमान जेट एयरवेज के रंगों या पहचान के साथ हवाई संचालन जारी रखे हुए है। जेट एयरवेज ने आगे कहा है कि विमानों पर कंपनी के प्रतिक चिह्न के ऊपर भी रंग दिया गया है लेकिन उसके बावजूद अगर कोई ध्यान से देखे, तो चिह्न फिर भी दिखता है।

## मुंबई इंडियन्स ने आईपीएल 2023 के लिए अभी से कसी कमर, अर्जुन तेंदुलकर, तिलक वर्मा समेत ये खिलाड़ी लेंगे खास ट्रेनिंग

**नई दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग 2022 में लचर प्रदर्शन के बाद मुंबई इंडियन्स ने अगले सीजन की तैयारी अभी से शुरू कर दी है। मुंबई इंडियंस इंटरनेशनल क्रिकेट में डेब्यू नहीं करने वाले अपने भारतीय खिलाडिय़ों को जुलाई में तीन महीने के अनुभव दौरे पर इंग्लैंड लेकर जाएगी। अलग-अलग आधुनिक केंद्रों ट्रेनिंग के अलावा मुंबई इंडियन्स के युवा भारतीय खिलाडिय़ों को कई काउंटी की टॉप क्लब टीम के खिलाफ कम से कम 10 टी20 मैच खेलने का मौका मिलेगा। आईपीएल



के एक सूत्र ने बताया, एनटी तिलक वर्मा, कुमार कार्तिकेय, रमनदीप सिंह, ऋतिक शौकीन जैसे कुछ खिलाड़ी हैं, जिन्हें मुश्किल हालात में टॉप टी20 क्लब की टीम के खिलाफ खेलने का अनुभव हासिल होगा। सूत्र ने कहा, ब्रिटेन में मौजूद अर्जुन तेंदुलकर और दक्षिण अफ्रीका के युवा क्रिकेटर डेवाल्ड ब्रेविस के भी टीम के साथ जुडऩे की संभावना है। भारतीय खिलाडिय़ों की प्रगति पर नजर रखने के लिए मुख्य कोच महेला जयवर्धने की अगुवाई वाला मुंबई इंडियन्स का सहयोगी स्टाफ भी इंग्लैंड में मौजूद रहेगा। सूत्र ने संकेत दिया, देखिए, भारत का घरेलू सीजन खत्म हो चुका है। कप्तान रोहित शर्मा, शीर्ष तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह जैसे टॉप खिलाड़ी राष्ट्रीय टीम के साथ हैं, हमारे इंटरनेशनल खिलाड़ी भी अपनी प्रतिबद्धताओं के साथ व्यस्त हैं। सूत्र के मुताबिक, जिन खिलाडिय़ों पर ध्यान देने की जरूरत है वे हमारे युवा कोर खिलाड़ी हैं क्योंकि अगला घरेलू सीजन शुरू होने से पहले साढ़े तीन महीने तक उन्हें कोई मैच प्रैक्टिस नहीं मिलेगी। ब्रिटेन दौरे पर जाने वाले संभावित खिलाड़ी: एनटी तिलक वर्मा, कुमार कार्तिकेय, ऋतिक शौकीन, मयंक मारकंडेय, राहुल बुद्धि, रमनदीप सिंह, अनमोलप्रीत सिंह, बासिल थम्पी, मुरुगन अश्विन, आर्यन जुयाल, आकाश मेधवाल, अरशद खान, अर्जुन तेंदुलकर, डेवाल्ड ब्रेविस (विदेशी)।

## गौतम अडानी अब लैरी पेज, वॉरेन बफेट और मुकेश अंबानी से भी आगे निकले

**नई दिल्ली।** एशिया के सबसे बड़े रईस गौतम अडानी और पूर्व में एशिया के अरबपति नंबर वन रह चुके मुकेश अंबानी के बीच अब फासला बढ़ गया है। दुनिया के अरबपतियों की लिस्टमें अडानी अब 5वें और अंबानी 8वें स्थान पर हैं। गौतम अडानी की संपत्ति में आज दोपहर सवा 12 बजे तक 2.4 अरब डॉलर की बढ़ोतरी हो चुकी थी और वह फोर्ब्स रियल टाइम बिलेनियर लिस्ट में 101.6 अरब डॉलर की कुल संपत्ति के साथ पांचवें पायदान पर पहुंच गए हैं।



इस लिस्ट में अब उनसे आगे 123 अरब डॉलर की संपत्ति के साथ चौथे नंबर पर बिल गेट्स हैं और 133.1 अरब डॉलर की कुल संपत्ति के साथ जेफ बेजोस। दूसरे स्थान पर 151.1 अरब डॉलर की दौलत के साथ बर्नार्ड आर्नाल्ट है और पहले नंबर पर 225.3 अरब डॉलर की संपत्ति के साथ एलन मस्क काबिज हैं। हालांकि मस्क की दौलत एक ही दिन में 8.7 अरब डॉलर घटी है।

गौतम अडानी के बाद छठे नंबर पर लैरी पेज हैं। इनकी कुल दौलत 96.7 अरब डॉलर है। सातवें स्थान पर काबिज वॉरेन बफेट के पास 95.4 अरब डॉलर की संपत्ति है। इसके बाद मुकेश अंबानी हैं, जिनके पास 94.7 अरब डॉलर की संपत्ति है। अंबानी की संपत्ति में आज दोपहर तक 2.7 अरब डॉलर का इजाफा हो चुका था। लैरी एलिशन 94.7 अरब डॉलर के साथ नौवें और सर्गी ब्रिन 93.0 अरब डॉलर की संपत्ति के साथ 10वें स्थान पर हैं।

## रोहित शर्मा, केएल राहुल और सुरेश रैना के क्लब में शामिल हुए दीपक हुड्डा, टी20आई में शतक लगाने वाले चौथे भारतीय बल्लेबाज बने



**नई दिल्ली।** शीर्ष क्रम के बल्लेबाज दीपक हुड्डा (104) के तूफानी शतक से भारत ने आयरलैंड के खिलाफ दूसरे टी20 मैच में 20 ओवर में सात विकेट पर 227 रन का विशाल स्कोर बनाया। दीपक ने मात्र 57 गेंदों में नौ चौकों और छह छक्कों की मदद से 104 रन की बेहतरीन पारी खेली आयरलैंड के खिलाफ दूसरे मैच में शतकीय पारी खेलने वाले दीपक हुड्डा टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में शतक जडऩे वाले चौथे भारतीय बन गए। उन्होंने 57 गेंद में 104 रन बनाये, जिसमें नौ चौके और छह छक्के शामिल थे।

सुरेश रैना, रोहित शर्मा और केएल राहुल के बाद में शतक बनाने वाले दीपक हुड्डा चौथे भारतीय बल्लेबाज बन गए हैं। एक दशक से भी अधिक समय पहले भारत के पूर्व बल्लेबाज सुरेश रैना अंतरराष्ट्रीय टी20 में शतक लगाने वाले पहले भारतीय बने थे, जिसके बाद शर्मा और राहुल ने भारत के लिए शतक जड़ा था। दीपक हुड्डा ने आयरलैंड के खिलाफ पहले मैच में नाबाद 47 रन बनाए थे।

भारतीय टीम के फुलटाइम कप्तान रोहित शर्मा ने 4 टी20 अंतरराष्ट्रीय शतक लगाए हैं। केएल राहुल ने दो शतक लगाए हैं, जबकि रैना और हुड्डा के नाम 1-1 शतक है।

ईशान किशन (3) का विकेट मात्र 13 के स्कोर पर गिरने के बाद दीपक ने संजू सैमसन के साथ दूसरे विकेट के लिए 176 रन की बड़ी साझेदारी की। सैमसन ने 42 गेंदों में नौ चौकों और चार छक्कों की मदद से 77 रन बनाये। सूर्यकुमार यादव पांच गेंदों में 15 रन बनाकर आउट हुए। सूर्य ने अपनी पारी में दो चौके और एक छक्का लगाया।

## भूलभुलैया 2 के फैंस के लिए आई बड़ी खुशखबरी, अब फिल्म का तीसरा पार्ट बनाने जा रहे हैं मेकर्स

हाल ही में कार्तिक आर्यन की फिल्म भूलभुलैया 2 रिलीज़ हुई है। इस फिल्म को दर्शकों ने खूब पसंद किया है। इस फिल्म के रिलीज़ होने से पहले दर्शकों और मेकर्स को भी ये उम्मीद नहीं थी फिल्म इतना बेहतरीन प्रदर्शन करेगी लेकिन वाकई कार्तिक का जादू अब सबके सिर चढक़र बोल रहा है। भूलभुलैया के पहले पार्ट को भी इसी तरह से दर्शकों ने पसंद किया था।



वहीं यदि आप भी भूलभुलैया 2 के फैंस हैं तो आपके लिए भी मेकर्स बड़ी खुशखबरी लेकर आए हैं। हाल ही में अनीस बज़्मी ने ही फिल्म को लेकर एक बड़ी जानकारी दी है जो भूलभुलैया फैंस के लिए बेहद खास हो सकती है। इस खबर के बाद तो फैंस भी अब काफी खुश नज़र आ रहे हैं। बताया जा रहा है किअब मेकर्स इस फिल्म के तीसरे पार्ट यानि भूलभुलैया 3 पर काम शुरू कर सकते हैं।

सबसे पहले भूलभुलैया का पहला पार्ट आया था जिसमें अक्षय कुमार नज़र आए थे वाकई अक्षय ने अपनी एक्टिंग से इस फिल्म को सफल बना दिया। वहीं विद्या बालन ने भी कमाल की एक्टिंग की और दर्शकों का दिल जीत लिया। इसके बाद भूलभुलैया 2 आई। इस फिल्म के दूसरे पार्ट में कार्तिक आर्यन को कास्ट किया।

## पृथ्वीराज अभिनीत कडुवा की रिलीज 7 जुलाई तक टली



निर्देशक शाजी कैलास की आगामी मास कमर्शियल एंटरटेनर कडुवा की रिलीज को 7 जुलाई तक के लिए टाल दिया गया है। इस फिल्म में अभिनेता पृथ्वीराज, संयुक्ता मेनन और विवेक ओबेरॉय मुख्य भूमिकाओं में हैं। फिल्म में अभिनंदन रामानुजम का छायांकन और जेक बिजॉय का संगीत है। पहले यह फिल्म 30 जून को रिलीज होने वाली थी।

इंस्टाग्राम पर अभिनेता पृथ्वीराज ने घोषणा की है और उन्होंने लिखा है, बड़े सपने, बड़ी बाधाएं। दुश्मन जितना मजबूत होगा, लड़ाई उतनी ही कठिन होगी! कडुवा की रिलीज को अप्रत्याशित परिस्थितियों के कारण एक सप्ताह के लिए 07/07/2022 तक के लिए टाल दिया गया है।

## आज का राशिफल

***मेष:*** आज का दिन भविष्य के लिए योजनाएँ बनाने का है। पैसे के मामले में अब आपकी चिंताएं दूर हो जाएँगी और अब मौज-मस्ती और आराम से जीवन बिताना चाहेंगे।

***वृषभ:*** आपको एक छोटी-सी यात्रा करने की इच्छा होगी और उसके लिए तैयारी करना भी शुरू कर देंगे। एक-दो दिन में शायद यात्रा न भी शुरू करें तो भी थोड़े समय में आवश्यक यात्रा करने वाले हैं। यात्रा के लिए आप पैसे की व्यवस्था भी करेंगे।

***मिथुन :*** आज आपके मन पर उदासी और निराशा के बादल छाए रहेंगे। भावनात्मक रूप से अकेलेपन की भावना का अनुभव होगा। मन की गहराई में निहित अदम्य इच्छाएं और आध्यात्मिक सहनशीलता आपके मूड को प्रभावित करेंगे।

***कर्क:*** आपके विचार आज आपके लिए शक्ति के स्रोत साबित होंगे। ऐसी परिस्थिति आएगी कि अभी या बाद में आपको कुछ कठिन निर्णय लेने पड़ेंगे। एक निश्चित शाखा में नए संशोधन और बिजनेस से आपको लाभ होंगे।

***सिंह:*** आज टेंशन और समस्याओं से भरा विचित्र और प्रतिकूलतापूर्ण दिन है। परंतु इसका अर्थ यह नहीं कि आपका कोई कार्य अच्छी तरह पूरा नहीं होगाब। आपके निजी जीवन में सब कुछ अच्छी तरह चलता रहेगा, परंतु ऑफिस में आपसे अधिक अपेक्षा रखी जाएगी।

***कन्या:*** आपका खुशमिजाज व्यक्तित्व आज उदासीनता के बादलों के बीच ढक जाएगा। अधिक और त्वरित आर्थिक लाभ प्राप्त करने के लिए आज आप शायद शेयर – सट्टा तथा रेस जैसे माध्यमों की तरफ मुड़ेंगे।

***तुला :*** नए कार्य के आरंभ के लिए आज का दिन अनुकूल है । आपका जादुई प्रभाव लोगों पर छा जाएगा और आप लोगों का दिल जीत लेंगे। आप घर को इतने सुंदर रूप से सजाएँगे कि लोग उसकी प्रशंसा करते-करते थक जाएंगे।

***वृश्चिक:*** आज दंपतियों और प्रेमियों को अपने क्रोध को नियंत्रण में रखना पड़ेगा। उनके बीच संघर्ष या मतभेद हो सकता है। आपके जीवनसाथी का व्यवहार आज आपको अधिक आधिपत्यवाला लगेगा।

***धनु:*** आज घटनेवाली हरेक घटना के अच्छे बुरे पक्ष के बारे में आपके मन में दुविधा होगी। ऐसी उलझनपूर्ण परिस्थिति में आप अन्य लोगों की सलाह लेने के लिए प्रेरित होंगे।

***मकर:*** आपको महत्त्वपूर्ण निर्णय सावधानीपूर्वक लेना चाहिए। आप कोई अविचारी कदम उठाएंगे, तो पछताना पड़ सकता है। इसलिए आपको सलाह दी जाती है कि आपको कोई भी कदम उठाने से पहले अपने ईष्टदेव का स्मरण करना चाहिए।

***कुंभ:*** आज आपका संपर्क बड़ी संस्थाओं या समूहों के साथ हो सकता है। आज आपका दिन जनसंपर्क में व्यतीत होगा। आप सहकर्मियों और उच्च पदाधिकारियों का पूर्व सहयोग प्राप्त कर सकेंगे।

***मीन:*** विपरीत लिंगीय व्यक्ति आज आपसे लाभ प्राप्त करेंगे, ऐसी संभावना है। विपरीत लिंगीय मैत्री होने की भी संभावना है । यदि आप किसी के साथ प्रणय सूत्र में आबद्ध होंगे तो अपने प्रिय व्यक्ति के साथ खूब अच्छे संबंध-व्यतीत होंगे।

## बारिश के मौसम में बनाएं 'मेथी-गॉर्लिक पकौड़ा चाट'

पकौड़े खाने का असली मज़ा तो बारिश में ही आता है। तो अगर आप प्याज, आलू के पकौड़ों से हटकर कुछ अलग जायका चखना चाहते हैं तो बनाएं मेथी-गॉर्लिक पकौड़ा चाट। जानें इसकी रेसिपी।



### सामग्री :

पकौड़े के लिए- 1/4 कप मूंग दाल, 1/4 कप हरी मूंग दाल, 1/2 कप मेथी के पत्ते कटे हुए, 1/2 कप अदरक बारीक कटे, 3-4 कलियां लहसुन की कटी हुई, 1/4 कप हरा प्याज बारीक कटा, 1/4 कप धनिया के पत्ते बारीक कटे, 1 इंच अदरक बारी कटा, 3 हरी मिर्च बारीक कटी हुई, 1/2 टीस्पून धनिया के बीज दो टुकडे किए हुए, 1/2 टीस्पून सौंफ, 1 टीस्पून जीरा, 1 टीस्पून लाल मिर्च पाउडर, 1/2 टीस्पून गरम मसाला, 2 टीस्पून तिल के बीज, चुटकीभर हींग, नमक स्वादानुसार, तेल- फ्राई करने के लिए

### विधि :

- दोनों दाल को धोकर 6-7 घंटों के लिए भिगोकर रख दें।

- इसके बाद मिक्सी में ये दोनों दाल, हरी मिर्च, अदरक, थोडा सा पानी डालकर पीस लें। अब इसे बोल में निकालें। अब इसमें सारे मसाले, मेथी के पत्ते डालकर सारी चीज़ों को अच्छे से मिक्स कर लें।

- इस मिक्सचर से छोटे-छोटे बॉल्स तैयार करें।

- इन्हें सुनहरा होने तक फ्राई कर लें।

- अब चाट तैयार करना है। इसके लिए एक छोटे कप या प्लेट में पकोड़े सजाएं। ऊपर से दही डालें। इसके बाद ऊपर से चिली-गॉर्लिक चटनी या इमली की चटनी डालें। इसके बाद हरी धनिया और पुदीने की चटनी की लेयर बिछाएं।

- ऊपर से हरी धनिया, चाट मसाला, अनारदाना डालकर सर्व करें।

## शब्द सामर्थ्य- 118

**बाएं से दाएं**

1. चौड़ी और सपाट जमीन, रणभूमि 3. स्वरग्राम, संगीत के सात स्वरों का समूह 6. धूल का कण, किसी वस्तु का सूक्ष्मकण, धूल 7. हिम्मत, सामर्थ्य 8. अभ्यर्थना, रिसेप्शन, यथा अवसर पर पूछे जाने वाला मंगल कुशल 9. आपस का करार, निबटारा 10. वरदान, दुल्हा 12. भोग, ऐश्वर्य 13. कीमत, मूल्य 14. एक वाद्ययंत्र जिसे सपेरे बजाते हैं 16. समता, बराबरी 18. अश्लील, बेहुदा, अभद्र, घटिया 19. युक्ति, उपाय, ढंग 20. रिक्त, अपूर्ण।

**ऊपर से नीचे**

1. दोस्ती, मित्रता 2. अच्छी शिक्षा, नेक सलाह 4. बचाव, हिफाजत 5. मीठापन, मधुर होने का भाव 7. समुद्र 8. आत्मनिर्भर, जो दूसरे पर आश्रित न हो 9. रसवाला, रसदार 11. मां का बच्चों के प्रति प्रेम 13. खैरात, देने की क्रिया 15. दृष्टि, निगाह 16. वरिष्ठ, बुजुर्ग, चतुर 17. पराजय, हार।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | ■ | 3 | 4 | | 5 | ■ |
| | ■ | | ■ | ■ | | ■ | 6 | |
| ■ | 7 | | | ■ | ■ | ■ | | ■ |
| 8 | | | ■ | 9 | | | | ■ |
| 10 | | ■ | ■ | | ■ | ■ | ■ | 11 |
| | ■ | 12 | | | ■ | ■ | 13 | |
| 14 | 15 | ■ | | ■ | 16 | 17 | | |
| ■ | | ■ | 18 | | | | ■ | ■ |
| 19 | | | | ■ | | ■ | 20 | |

**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 117 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ला | लू | प्र | सा | द | या | द | व | ■ |
| प | ■ | ति | ■ | ■ | र | क्ष | क | ■ |
| र | ह | मा | न | ■ | ■ | ■ | ■ | आ |
| वा | ■ | ■ | मि | थु | न | ■ | दा | स |
| ह | वा | ला | त | ■ | सी | ता | ■ | पा |
| ■ | न | ■ | ■ | ■ | ब | क | वा | स |
| औ | र | त | ■ | म | ■ | त | ■ | ■ |
| ला | ■ | बे | च | ना | ■ | व | च | न |
| द | ह | ला | ■ | ना | ग | र | ■ | दी |

## सू-दोकू- 118

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2 | | | 6 | | | 1 | |
| 3 | | | 4 | | | 2 | | |
| | | | | | | | 6 | |
| 6 | | | | | 4 | | | |
| | 9 | | 5 | | | 6 | | 1 |
| | | | | | | | | |
| 4 | | 3 | | | 9 | | | 2 |
| | 8 | | 2 | | | | 7 | |
| 1 | | 2 | | 4 | | 9 | | 6 |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है। 2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक रख सकते है। 3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.117 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 7 | 6 | 9 | 5 | 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | 3 | 9 | 2 | 8 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 4 | 5 | 2 | 3 | 7 | 6 | 9 | 1 | 8 |
| 2 | 8 | 5 | 4 | 6 | 7 | 1 | 9 | 3 |
| 3 | 1 | 7 | 8 | 9 | 2 | 4 | 5 | 6 |
| 6 | 9 | 4 | 1 | 3 | 5 | 7 | 8 | 2 |
| 9 | 4 | 1 | 6 | 2 | 8 | 3 | 7 | 5 |
| 7 | 2 | 8 | 5 | 1 | 3 | 6 | 4 | 9 |
| 5 | 6 | 3 | 7 | 4 | 9 | 8 | 2 | 1 |